महत्वपूर्ण एवं खास

लायनेस क्लब दिव्य ऊर्जा, रायगढ़ द्वारा मधुमेह जागरूकता अभियान हेतु योगा क्लास

न्याय साक्षी/ रायगढ़। मधुमेह की बीमारी भारतवर्ष में बहुत तेजी से बढ़ती जा रही है और महामारी का रूप लेती जा रही है. इस रोग से निदान का ज्ञान होना बहुत जरूरी है. दवाइयाँ तो सब लेते है लेकिन अगर हम आपने खानपान और दिनचर्या पर ध्यान दें और थोड़ा बदलाव करें तो मधुमेह से भी राहत मिल सकती है.

इसी को ध्यान मे रखते हुए चेयरपर्सन लायनेस सुमीता पान्डे के नेतृत्व में तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन दुर्गा चौक पर निखार ब्यूटी पार्लर में आयोजित किया गया. जिसमे योगा के कुछ आसन जिनसे फायदा होता है कि जानकारी योगा प्रशिक्षक सविता के द्वारा दी गई साथ ही उन्होंने प्राणायाम भी करवाये. लायनेस अध्यक्ष अनीता कपूर द्वारा डाइट चार्ट की जानकारी द्वारा दी गई. लायनेस बबीता शर्मा ने एलोविरा जैल के प्रयोग के फायदे समझाये. चेयरपर्सन सुमिता पांडे द्वारा मधुमेह से संबंधित प्रश्ननोत्री में पुरस्कार दिये गये। सविता ने योग जागरूकता हेतु पुस्तकों का वितरण किया । शिविर का समापन दीवाली मिलन के साथ पुष्पक होटल में 18 नवंबर को किया गया. कार्यकर्म में लॉ सुमिता पांडे, लॉ बबिता शर्मा, अध्यक्ष लॉ अनीता कपूर, लॉ बबली कुलवेदी, लॉ सविता स्वर्णकार, योगा प्रशिक्षक - सविता गाडतीया, सभी प्रशिक्षण हेतू आई हुई महिलाओं व पदाधिकारीयो, सदस्यों का सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ व अन्य सभी सदस्यों की सराहनीय उपस्थिति रही.

सरकार बचाने रचे गए गहरे षड़यंत्र : भूपेश बघेल

एसआईटी का गठन कर उच्च न्यायालय के न्यायाधीश से हो निष्पक्ष जांच

रायपुर (आरएनएस)। मीडिया में लगातार जो स्टिंग उजागर हुए, उसने राज्य सरकार की कलई और झूठ का पर्दाफाश कर दिया है। यह साबित हो गया है कि राज्य सरकार ने सरकार बचाए रखने के लिए षड़यंत्र रचा और किसी को भी नहीं बख्शा। राज्य सरकार के अधिकारी भाजपा के एजेंटों की तरह काम कर रहे हैं। 9 साल पहले बनी कंसोल इंडिया नाम की कंपनी ने बड़ा कारोबार खड़ा कर लिया है। कांग्रेस की मांग है कि तत्काल एसआईटी का गठन कर उच्च न्यायालय के किसी न्यायाधीश की देखरेख में जांच की जाए। उक्त आरोप आज कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में आयोजित एक प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए पीसीसी प्रमुख भूपेश बघेल ने लगाया। श्री बघेल ने कहा कि राज्य सरकार और उनके अधिकारी लगातार ब्लैकमेलिंग का कारोबार कर रहे हैं। राज्य के मुखिया और उनके अधिकारियों के निशाने पर न केवल मैं (भूपेश बघेल) हैं बल्कि पूरी कांग्रेस पार्टी और छत्तीसगढ़ के पत्रकार भी हैं। मीडिया में जो स्टिंग उजागर हुए, उसने सरकार की कलई खोल दी है। यह साबित हो गया कि भाजपा ने अपनी सरकार बचाने के लिए गहरे षड़यंत्र रचे और किसी को नहीं बख्शा। स्टिंग ऑपरेशन से साफ हो गया कि दो वरिष्ठ अधिकारी लगातार ब्लैकमेलिंग का काम करते रहे और भाजपा के एजेंट के तहत काम करते रहे। लिहाजा इन अधिकारियों को तत्काल शासकीय कार्य से मुक्त किया जाए।

जेएसपीएल के खिलाफ कर्मचारियों हुए लामबंद

गेट के सामने प्रदर्शन करते हुए प्रबंधन का लगाए आरोप, वेतनवृद्धि तथा बोनस नही मिलने से नाराज है कर्मचारी

न्याय साक्षी/रायगढ़। पतरापाली स्थित जिंदल स्टील एण्ड पावर लिमिटेड में काम करने वाले अधिकारी व कर्मचारियों ने आज सुबह अचानक उद्योग का काम काज ठप्प करते हुए मुख्य गेट के सामने धरना प्रदर्शन किया और अपनी जायज मांगों को लेकर प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की। बीते तीन सालों से जिंदल के अधिकारी व कर्मचारियों को न तो वेतन वृद्धि का लाभ मिला है और न ही समय पर मिलने वाले बोनस पर कोई विचार किया जा रहा है। इतना ही नही प्रबंधन यहां काम करने वाले वरिष्ठ अधिकारी कर्मचारियों को पदोन्नति का भी लाभ नही दे रहा है, जिससे नाराज होकर आज सभी अधिकारी कर्मचारियों ने एकजुटता दिखाते हुए उद्योग के मुख्य द्वार के सामने घंटो प्रदर्शन करते हुए अपनी जायजा मांगों को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए प्रबंधन के उपर दबाव बनाया। लगभग 4 घंटे तक चले इस प्रदर्शन के बाद प्रबंधन ने आनन-फानन में नाराज कर्मचारियों को यह कहकर मनाया कि जल्द ही उनकी जायजा मांगों को लिए पहल की जाएगी और वे जल्द ही काम काज में लौटें ताकि प्रबंधन उनकी सूचना अपने वरिष्ठ अधिकारियों को दे सकें।

जानकारी मिलने तक जिंदल उद्योग प्रबन्धन के खिलाफ नाराज जूनियरों ने एच आर प्रमुख खन्ना को लिखित ज्ञापन सौंप कर आवश्यक रूप से एक सप्ताह के भीतर अपनी मांगों को पूरा किए जाने की मांग करते हुए हड़ताल वापस ले लिया है। खबर लिखे जाने तक सभी जूनियर्स अपने कामों पर वापस लौटने लगे थे। वही सैकड़ों जूनियर्स के इस अनापेक्षित कदम से जिंदल प्रबंधन के होश उड़ गए थे। आनन फानन में एच आर भवन के बाहर जमा करीब 5 सौ जूनियर्स को समझाइस देने पहुंचे प्रबंधन प्रमुख ने उनके द्वारा दिया गया ज्ञापन लिया। ज्ञापन में मांगी गई मांगे इस प्रकार है जिसमे 2017-18 का इंक्रीमेंट को लेकर असन्तुष्ट जूनियर्स को सुधार के बाद 15 प्रतिशत से ऊपर इंक्रीमेंट दिया जाए। योग्यता और कार्यकुशलता के आधार पर न्यूनतम वेतन 24 हजार रु प्रतिमाह किया जाए, साथ ही कार्यरत जूनियर्स कर्मचारियों से एच एवं ई कोड से हटाकर जेएसपीएल कोड में रखा जाए,वहीँ 8 घण्टों की सेवा के बाद उन्हें ओवरटाइम की सुविधा मिले। इन मांगों के साँथ आंदोलनकारियों ने प्रबन्धन को एक सप्ताह की मोहलत देकर आवश्यक कदम उठाने को कहा है अन्यथा यह भी चेतावनी दी है कि मांगे नही माने जाने पर वापस आंदोलन शुरू कर दिया जाएगा। जिसके लिए उनके कथनानुसार जिंदल उद्योग प्रबंधन ही जिम्मेदार होगा।

यहां यह बताना लाजमी होगा कि आर्थिक मंदी की आड में जिंदल स्टील एण्ड पावर लिमिटेड रायगढ़ व जेपीएल तमनार से हजारों कर्मचारियों के साथ-साथ सैकड़ो अधिकारियों को बाहर का रास्ता दिखाया जा चुका है। साथ ही साथ आर्थिक मंदी की आड में लगातार काम करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को न तो बोनस दिया जा रहा है और न ही वेतन वृद्धि सहित प्रमोशन का लाभ देना बंद सा कर दिया है। इसलिए धीरे-धीरे जिंदल उद्योग में काम करने वाले अधिकारी कर्मचारी अब प्रबंधन के खिलाफ एकजुटता दिखाते हुए सड़क पर उतर रहे हैं।

तिल्दा स्टेशन का नाम अब तिल्दा-नेवरा

बिलासपुर (आरएनएस)। रायपुर रेल मंडल के तिल्दा स्टेशन का नाम बदलने वाला है। अब यह तिल्दा-नेवरा स्टेशन कहलाएगा। बुधवार को डिप्टी चीफ कमर्शियल मैनेजर केवीआर मूर्ति ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया। यह बदलाव एक दिसंबर से लागू होगा। इस स्टेशन का नाम बदलने की मांग स्थानीय लोग लंबे समय से कर रहे थे। जेडआरयूसीसी की बैठक में भी जनप्रतिनिधियों द्वारा यह मुद्दा रेलवे प्रशासन के सामने उठाया गया।

इस पर अब मुहर लग गई है। साथ ही इसकी जानकारी सभी सीएसएम, एसएम, सीआरएस, सीपीएस, सीटीआइ, सीसीआई, सीनियर टीआइए को भेजी गई है। एक दिसंबर को स्टेशन में नया नाम चस्पा हो जाएगा। इसके अलावा रिजर्वेशन में भी यही नाम लिखाकर आएगा। हालांकि कोड टीएलडी ही लिखाएगा। रेलवे बोर्ड को भी इसकी जानकारी भेजी गई है।

नबी के आने के दिन पर मना जश्न

न्याय साक्षी/रायगढ़। जश्न-ए-मिलादुन्नबी के अवसर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने निकाला भव्य जुलूस एक ही सफ में खड़े हो गए महमूद व अयाज़। न कोई बंदा रहा न कोई बंदा नवाज़। इन पंक्तियों का मतलब अल्लाह के सामने सभी बराबर हैं। बुधवार को मिलादुन्नबी का त्यौहार पूरे शानो-शौकत से शहर में मनाया गया। मुस्लिम समाज के करीब 7,000 लोगों ने अपने नबी (हजरत पैगंबर मोहम्मद) के जन्मदिन पर शहर के मुख्य मार्गों में जुलूस निकाला। इसमें पैगंबर साहब की शिक्षा और उनके जीवन को आयतों के माध्यम से गाया जा रहा था।

नबी के 1400 वें जन्मोत्सव के जुलूस में नवजात से लेकर बूढ़े सभी शामिल थे। सजे-धजे बच्चे जुलूस में देखते ही बन रहे थे। दोपहर 1.30 से जुलूस निकलने का सिलसिला शहर के मधुबन, बीड़पारा, इंदिरानगर, चांदमारी, मौदहापारा, मोमिनपुरा, जूटमिल और चांदनी चौक से चलता रहा। जो करीब 3.30 बजे चांदनी चौक में इकट्ठा हुआ और फिर एक बड़े जुलूस के रूप में पूरे शहर में अपने पैगंबर के जन्मोत्सव की खुशियां बांटने निकल पड़ा। जुलूस के स्वागत के लिए मुख्य चौक चौराहों पर स्टॉल लगाए गए थे। जिसमें लंगर की व्यवस्था की गई थी। इसमें जुलूस के अलावा राहगीर भी शामिल हो रहे थे। रायगढ़ में मिलादुन्नबी की भव्यता के बारे में मस्जिद गरीब नवाज कमेटी के सचिव कलीम बख्श बताते हैं कि करीब 100 साल से हम रायगढ़ में मिलादुन्नबी मनाते आ रहे हैं लेकिन बीते 40 साल से पूरा मुस्लिम समाज इस त्यौहार को भव्यता के साथ मनाता आ रहा है।

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें ....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO.-CHHHIN16931